**प्रेस नोट**
**दिनांक 21.06.2024**

**10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएसी ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का प्रभारी मंत्री मा0 अनिल राजभर, डीआईजी देवी पाटन, जिलाधिकारी गोण्डा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया शुभारंभः—**

**आयोजित योग शिविर में जवानों ने मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु विभिन्न प्रकार के योगासनों का किया अभ्यासः—**

गोण्डा। आज दिनांक 21.06.2024 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएसी ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का प्रभारी मंत्री मा0 अनिल राजभर, डीआईजी देवी पाटन श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात योग शिविर में पुलिस/प्रशासनिक अधि0/कर्मचारीगणों द्वारा योगासन किया गया। योग प्रेक्षक द्वारा सभी पुलिस/प्रशासनिक के अधिकारी/कर्मचारीगणो को मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु विभिन्न प्रकार के योगासनों जैसे— पद्मासन, वज्रासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध—मत्स्येन्द्रासन, सूर्य नमस्कार, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, उष्ट्रासन, अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन, मकरासन, धनुरासन, भुजंगासन, शलभासन, विपरीत नौकासन आदि योगों का अभ्यास कराया गया और उसके महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। महोदय द्वारा सभी को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि योग एक प्राचीन कला है जो मन और शरीर को जोड़ती है। यह एक व्यायाम है जिसे हम अपने शरीर के तत्वों को संतुलित करके करते हैं। यह हमारे तनाव और चिंता को दूर करने का एक बेहतरीन माध्यम है। योग मनुष्य को बेहतर रहने और अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है जब आप योग का अभ्यास करते हैं तो आप में धैर्य का स्तर भी बढ़ता है जो नकारात्मक विचारों को दूर रखने में भी मदद करता है। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''स्वयं एवं समाज के लिए योग'' है। योग शारीरिक व्यायाम से कही आगे जाता है। इसमें मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को सम्मिलित किया गया है, तथा समग्र कल्याण की भावना को बढ़ावा दिया गया है।

**इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, प्रतिसार निरीक्षक, समस्त शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस/पीएसी के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**
**प्रेस नोट**
**दिनांक 21.06.2024**

## **10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

## **आयोजित योग शिविर में जवानों ने मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु विभिन्न प्रकार के योगासनों का किया अभ्यासः—**

गोण्डा। आज दिनांक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों/चौकियों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिविर में थानों/चौकियों के समस्त अधि0/कर्मचारीगणों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासनों जैसे— पद्मासन, वज्रासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध—मत्स्येन्द्रासन, सूर्य नमस्कार, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, उष्ट्रासन, अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन, मकरासन, धनुरासन, भुजंगासन, शलभासन, विपरीत नौकासन आदि योगों का अभ्यास किया गया। थाना प्रभारी द्वारा अपने अधीनस्त नियुक्त कर्मचारियों को बताया गया कि योग मानसिक तनाव को कम करने व मन को शांत रखने मे कारगर होता है। योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने मे भी मदद करता है। योग हमारे शारीरिक और मानसिक दोनो रूप में अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने मे मदद भी करता है।

## **मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 21.06.2024</u>**

## <u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा मध्य रात्रि में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गोष्ठी, लंबित अभियोगों के विवेचना, लंबित जांच प्रार्थना पत्रों आदि की स्थिति की समीक्षा कर दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देशः–</u>

दिनांक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने कैम्प कार्यलय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर लंबित अभियोगों के विवेचना, लंबित जांच प्रार्थना पत्रों व लंबित प्रारंभिक जांचो आदि की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा सर्वप्रथम काफी दिनों से लंबित चल रही विवेचनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी कर इतनी लम्बी अवधि तक विवेचनाओं के लंबित रखने का कारण जानते हुए विवेचनाओं की स्थिति में आ रही परेशानियों के बारे जाना तथा गुण दोष के आधार पर जल्द से जल्द विवेचनाओं के निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण तथा इनामिया, जिलाबदर अभियुक्तों की जानकारी हासिल की गयी तथा गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के तहत कितने प्रकरणों में सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही आदि के बारे में समीक्षा की गयी तथा कितने अपराधियों के विरूद्ध एच0एस0 खोले गए, कितने अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी व कितने गैंग पंजीकरण की कार्यवाही की गयी के बारे में समीक्षा की गयी। महोदय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित फरियादियों के आने पर उनकी समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उसका तत्काल निस्तारण किया जाए। 01 जनवरी से अबतक 21 अभियोगों में कुल 77 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है तथा कुल 57 नए अपराधियों की हिस्ट्रीसीट खोली गई है। 02 अभियोगों में अपराध से अर्जित की गयी 25,53,900 रू0 की सम्पत्ति जब्त की गयी है। 148 व्यक्तियों पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी तथा अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिए अब तक 04 सक्रिय गिरोह के ऊपर गैंग पंजीकरण की कार्यवाही की गयी। ताकि इन गिरोह की हमेशा निगरानी की जा सके।

**<u>इस अवसर पर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे।</u>**

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**